साहित्य अकादेमी

राजभाषा सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला

साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित राजभाषा सप्ताह (14–21 सितंबर 2017) के दौरान आज दिनांक 15 सितंबर 2017 के पूर्वाह्न में बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा की चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने साहित्य अकादेमी, पुस्तकालय का अवलोकन किया तथा हिंदी भाषा, ज्ञान एवं साहित्य को लेकर आयोजित एक कार्यशाला में भागीदारी की।

कार्यशाला में अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार देवेश एवं संपादक (हिंदी) श्री कुमार अनुपम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन लोगों ने बच्चों को भाषा के निर्माण, हिंदी में प्रमुख साहित्यकारों आदि के बारे में संक्षेप में बताया तथा बच्चों की जिज्ञासाओं के समाधान भी किए।

बच्चों को अकादेमी के बारे में तथा हिंदी कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' पर केंद्रित साहित्य अकादेमी द्वारा निर्मित फिल्म भी दिखाई गई।